<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित</u>

पन्तनगर। 22 जनवरी 2025। 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा चल रही तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। सचिव आयोजक एवं निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन द्वारा समितिवार की गई कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया। कुलपति द्वारा 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन के सफलतम् आयोजन हेतु सभी को विस्तृत निर्देश दिया गया। कुलपति ने सम्मेलन में आ रहे सभी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय डेलीगेड्स की सुविधा पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस कृषि विज्ञान सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय ही नही अपितु उत्तराखण्ड के लिए भी एक सम्मान की बात है अतः इसका आयोजन एक मिशाल साबित हो और अन्य संस्थानों के लिए उदाहरण बने। समीक्षा बैठक में सभी समितियों के अध्यक्ष एवं संयोजक उपस्थित थे।

17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन की समीक्षा बैठक करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान

निदेशक संचार